कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1923/XXV–12 (1–5)/2008 देहरादून : दिनांक 1 जून, 2017

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग,
रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून।

विषयः– **सूचना के अधिकार के अन्तर्गत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्रों का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक श्री मनोज कुमार मौर्या पुत्र श्री कुंवरपाल मौर्या, निवासी मौर्या निवास संजय नगर हाथी खाना पो0 लालकुंआ जिला नैनीताल के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 15 मई, 2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सूचनायें सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा चाही गयी वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अन्तर्गत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

B.S. Rawat
(बसन्त सिंह रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

पृ0संख्या 1923 /XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– श्री मनोज कुमार मौर्या पुत्र श्री कुंवरपाल मौर्या, निवासी मौर्या निवास संजय नगर हाथी खाना पो0 लालकुंआ जिला नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

B.S. Rawat
(बसन्त सिंह रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

सेवा में,

श्रीमान लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी
देहरादून, उत्तराखण्ड।

विषय :– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना चाहने हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी उक्ताधिनियमांतर्गत निम्न बिन्दुओं की सूचना प्राप्त करना चाहता है :–

1. *यह कि, चुनाव हेतु स्थानीय निकाय/नगर पंचायत/नगर पालिका के अध्यक्ष पद किस नियम/शासनादेश के अंतर्गत आरक्षित किये जाते हैं। कृपया नियम/शासनादेश की पठनीय प्रमाणित प्रति प्रदान करने की कृपा करें।*
2. *उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना के बाद अब तक हुए नगर पंचायत व नगर पालिका चुनावों में अध्यक्ष पद अनूसचिंत जाति के लिए आरक्षित किये गये है उनकी सूची उपलब्ध कराने की कृपा करें।*
3. *यह कि, क्या चुनाव हेतु लालकुआं नगर पंचायत अनुसूचित जाति आरक्षित कोटे के अन्तर्गत आती है, यदि आती है तो अभी तक आरक्षित क्यों नहीं हुई। कृपया प्रमाणित जानकारी उपलब्ध करने की कृपा करें।*

अतः महोदय से नम्र निवेदन है कि कृपया प्रार्थी को उपरोक्त बिन्दुओं की सूचना प्रदान करने का कष्ट करें। सूचना चाहने हेतु आवेदन शुल्क रू0 30/– के भारतीय पोस्टल आर्डर नं0 37F 730447, 37F 730448, 37F 730449 मूल रूप में प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न किये गये हैं। पुनः विनम्र निवेदन है कि कृपया प्रार्थी को सू0अ0अधि0–2005 के तहत उक्त तीनों बिन्दुओं की साक्ष्यों सहित प्रमाणित सूचना विधि द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रदान करने की कृपा करें। आपकी अति कृपा होगी।

धन्यवाद।

प्रार्थी के हस्ताक्षर,

D-K-M

दिनांक : 15.05.2017
संलग्न : भा0पो0आ0 उक्तानुसार।

श्री सेमवाल
कृपया लो. सू. अ.
राज्य निर्वाचन आयोग दे.दून को
हस्तान्तरित करे.
19 May-2017
P.I.O/S.O

(मनोज कुमार मौर्या)
पुत्र श्री कुँवरपाल मौर्या
निवासी : मौर्या निवास संजय नगर
हाथी खाना पो0औ0 लालकुआं
जिला नैनीताल उत्तराखण्ड–262402
मो0नं0: 8979628747